# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-29.06.2025**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग का अपहरण कर छेडछाड करने की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना लिप्त 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, मोटर साईकिल व घटना में प्रयुक्त 03 अदद मोबाईल बरामदः-**

ज्ञात हो थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत दिनाँक 26.06.2025 को मोटर साईकिल सवार अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को ई-रिक्शा से जाते समय मोबाइल नम्बर की पर्ची देने व विरोध करने पर चाकू दिखाकर जबरदस्ती मोटर साईकिल पर बैठाकर ले जाने व छेड़छाड कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था। थाना कैराना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में दिनाँक 28.06.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग का अपहरण कर छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में लिप्त अभियुक्त फरमान पुत्र जमील निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली को शामली-पानीपत बाईपास से कंड़ेला जाने वाले मार्ग से पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर बरामद हुई है। घायल अभियुक्त को ईलाज हेतु सीएचसी कैराना भेजा गया है। थाना कैराना पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण 1.साहिल पुत्र जिन्दा 2.सालिम पुत्र रहीसूद्दीन 3.अमजद पुत्र ईनाम निवासीगण मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली को भी गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 अदद मोबाईल बरामद हुये है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.फरमान पुत्र जमील निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली (घायल)।

2.साहिल पुत्र जिन्दा निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली।

3.सालिम पुत्र रहीसूद्दीन निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली।

4.अमजद पुत्र ईनाम निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त फरमान से बरामद)।

2.एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर।

3.घटना में प्रयुक्त 03 अदद मोबाईल।


DIESEL

**थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भभीसा, सल्फा, रसूलपुर गुजरान में हुई ट्यूबवैल/नलकूप चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये घटना में लिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे चोरी किया गया तार, अवैध हथियार-कारतूस, चोरी में प्रयुक्त उपकरण व चोरी की मोटर साईकिल बरामदः-**

ज्ञात हो थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 17/18.05.2025 की रात्रि में ग्राम भभीसा में दिनांक 02/03.06.2025 की रात्रि में ग्राम सल्फा व रसूलपुर गुजरान में अज्ञात चोरो द्वारा टयूबवैल/नलकूपो से तार चोरी की घटना कारित की गयी थी। घटना के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कांधला पुलिस घटना में लिप्त अपराधियों की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चोरी/लूट की घटना में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भभीसा, सल्फा, रसलूपुर गुजरान में हुई टयूबवैल/नलकूप चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में लिप्त 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से टयूबवैल/नलकूपो से चोरी किया गया तार, अवैध हथियार-कारतूस, अवैध चाकू, चोरी में प्रयुक्त उपकरण व थाना क्षेत्र चांदीबाग जनपद पानीपर हरियाणा से चोरी की गयी स्पेलण्डर मोटर साईकिल बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शहजाद पुत्र सम्मा उर्फ शमशाद निवासी मौहल्ला छड़ियान थाना कैराना जनपद शामली।

2.फारूख उर्फ उस्मान पुत्र मुन्तयाज निवासी मौहल्ला छड़ियान थाना कैराना जनपद शामली हाल पता कमेला कालोनी थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.टयूबवैल/नलकूप से चोरी किये गये विद्युत केबिल व तांबे का तार।

2.एक अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3.एक अवैध चाकू।

4.एक चोरी की मोटर साईकिल स्पेलण्डर बिना नम्बर।

5.चोरी में प्रयुक्त उपकरण पेंचकस, प्लास आदि।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त शहजाद उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 262/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कांधला जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 269/2025 धारा 305ए/317(2) बीएनएस थाना कांधला जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 297/2025 धारा 317(5) बीएनएस व 3/4/25 आयुध अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 240/2018 धारा 380 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

5.मु0अ0सं0 463/2023 धारा 392/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

6.मु0अ0सं0 464/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम थाना कैराना जनपद शामली।

7.मु0अ0सं0 400/2025 धारा 305 बीएनएस थाना चांदनीबाग जनपद पानीपत हरियाणा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त फारुख उर्फ उस्मान उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 262/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कांधला जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 269/2025 धारा 305ए/317(2) बीएनएस थाना कांधला जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 297/2025 धारा 317(5) बीएनएस व 3/4/25 आयुध अधिनियम थाना कांधला जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 07/2024 धारा 504/506 भादवि थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

5.मु0अ0सं0 463/2023 धारा 392/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

6.मु0अ0सं0 464/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम थाना कैराना जनपद शामली।

7.मु0अ0सं0 400/2025 धारा 305 बीएनएस थाना चांदनीबाग जनपद पानीपत हरियाणा।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**